तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि

कांकेर भूमि

रायपुर, सोमवार, 20 अक्टूबर 2025

16 जेपीआईएस की दीपावली के संगीत समारोह...

16 रेडक्रॉस सीख रहा सीपीआर की प्रक्रिया बचा...

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

खबर संक्षेप

धनतेरस की पावन रात में खिला दुर्लभ ब्रह्मकमल

कांकेर। विकासखंड भानुप्रतापपुर के ग्राम कराठी निवासी प्रधान पाठक श्रीराम सुरोजिया के निवास में दीपावली पर्व की पूर्व संध्या धनतेरस की रात 9 बजकर 10 मिनट पर एक अद्भुत और आध्यात्मिक घटना घटी, जब दुर्लभ ब्रह्मकमल का फूल खिला। इस दुर्लभ पुष्प को आध्यात्मिक एवं शुभ संकेतों से जुड़ा माना जाता है। माना जाता है कि ब्रह्मकमल का खिलना अत्यंत शुभ अवसरों पर होता है और यह सकारात्मक ऊर्जा, समृद्धि तथा सौभाग्य का प्रतीक है। धनतेरस की रात इसके खिलने से पूरे परिवार और ग्रामवासियों में आनंद और श्रद्धा का वातावरण बन गया।

एनएचएआई की लापरवाही उजागर.....

कांकेर। राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर लगे डिवाईडरों में लगातार एक्सीडेंट हो रहे है, बीती रात को ट्रक डिवाईडर पर चढ़ गया, जिससे प्लेट अंदर तक घुस गई और बड़ा हादसा होते होते टल गया। एक्सीडेंट के बाद एनएचएआई को घटना वाले स्थल पर संकेतक या ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए, जिससे दुर्घटना न हो, इसके लिए कोई प्रयास नहीं करते है।

23 को भाईदूज पर स्थानीय छुट्टी घोषित

कांकेर। राज्य शासन द्वारा 21 अक्टूबर मंगलवार को गोवर्धन पूजा के अवसर पर सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक अवकाश घोषित किए जाने के फलस्वरूप जिला प्रशासन द्वारा उक्त दिवस के घोषित स्थानीय अवकाश को परिवर्तन करते हुए उसके स्थान पर अब 23 अक्टूबर गुरूवार को भाईदूज के अवसर पर स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। उक्त स्थानीय अवकाश बैंक, कोषालय, उप कोषालय पर लागू नहीं होगा।

डूबने से मौत के मामले में आर्थिक मदद स्वीकृत

कांकेर। कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 में दिए गए अधिकारों का प्रयोग करते हुए कांकेर अंतर्गत एमजी वार्ड निवासी 03 वर्षीय हिमांशु बाल्मिकी की नदी मे डूबने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनके माता-पिता श्री शेखर और श्रीमती आभा को चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। स्वीकृत सहायता राशि हितग्राही के बैंक खाता में डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा।

पुजारीपारा में राज्यस्तरीय डीजे डांस स्पर्धा 22 को

दुर्गुकोंदल। विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पुजारी पारा में दीपावली पर्व के अवसर पर इस वर्ष भी भव्य राज्यस्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन 22 अक्टूबर बुधवार की शाम 8 बजे से किया जाएगा। आयोजन की जिम्मेदारी नव युवक समिति पुजारी पारा एवं समस्त ग्रामवासी संयुक्त रूप से संभाल रहे हैं। प्रतियोगिता में सामूहिक, युगल और एकल नृत्य श्रेणियों में प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। सामूहिक नृत्य में प्रथम पुरस्कार 6,000, द्वितीय 3,000 और तृतीय 1,500 सौ रूपए रखा गया है। युगल नृत्य में प्रथम 3,000, द्वितीय 1,500 तथा तृतीय 750 रूपए के पुरस्कार दिए जाएंगे। वहीं एकल नृत्य में प्रथम 1,500, द्वितीय 750 तथा तृतीय 350 रूपए का पुरस्कार रखा गया है।

पर्व : स्वदेशी उत्पादों के उपयोग, स्वच्छता और पर्यावरण की रक्षा के साथ मनाएं

100 साल बाद महालक्ष्मी राजयोग, प्रदोष व्यापिनी तिथि के चलते 20 को ही मनायी जाएगी दीपावली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

दिवाली के पंच दिवसीय त्योहार की शुरुआत धनतेरस से हो चुकी है। इस साल लोगों के बीच में दिवाली की तिथि 20 अक्टूबर या 21 अक्टूबर को

- पटाखों और आतिशबाजी में सावधानी बरतें, और पर्यावरण की सुरक्षा को प्राथमिकता दें

लेकर सोशल मीडिया में पोस्ट की गई रील के चलते बहुत ही बड़ा कंफ्यूजन हो गया है। इन सबके मध्य बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री के धर्माचार्यों, विद्वानों व ज्योतिषाचार्यों का मानना है कि प्रदोष व्यापिनी तिथि के कारण दिवाली इस बार 20 अक्टूबर सोमवार को दीपावली मनाने का धर्मसम्मत निर्णय लिया है। इस बारी दीपावाली पर करीब 100 साल बाद महालक्ष्मी राजयोग भी बन रहा है।

बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री के धर्माचार्यों, विद्वानों व ज्योतिषाचार्यों का मत है कि इस बार 20 अक्टूबर सोमवार इस दिन प्रदोष काल शाम 5 बजकर 46 मिनट से शुरू होकर रात 8 बजकर 18 मिनट पर रहेगा। वहीं, वृषभ लग्न शाम 7 बजकर 8 मिनट से शुरू होकर रात 9 बजकर 3 मिनट रहेगा। इसके अलावा, महानिषिथ काल का समय मध्यरात्रि 11 बजकर 36 मिनट से शुरू होकर 21 अक्टूबर की अर्धरात्रि 12 बजकर 27 मिनट तक रहेगा। 20 अक्टूबर की शाम बनने जा रहे इन्हीं संयोगों में लक्ष्मी पूजन और काली पूजन करना उचित होता है, इसलिए इसी दिन दिवाली मनाई जाएगी। ज्योतिषों की मानें तो 20 अक्टूबर को अमावस्या तिथि दोपहर 3 बजकर 44 मिनट से शुरू होगी। यह तिथि 21 अक्टूबर को शाम 5 बजकर 54 मिनट अमावस्या तिथि ही रहेगी यानी 21 अक्टूबर को अमावस्या का समापन सूर्यास्त के साथ हो जाएगा। इसके बाद प्रतिपदा तिथि की शुरुआत हो जाएगी, इसका मतलब है कि 21 अक्टूबर को अमावस्या तिथि ना तो प्रदोष काल में रहेगी और ना रात्रि में रहेगी, इसलिए इस दिन कोई भी त्योहार नहीं है यानी यह दिन खाली रहेगा। हालांकि, इस दिन ब्रह्म मुहूर्त में कार्तिक अमावस्या का स्नान-दान होगा, जो कि बहुत ही विशेष अनुष्ठान माना जाता है।

लक्ष्मी गणेश का पूजन यह रहेगा मुहूर्त

20 अक्टूबर को दिवाली की पूजा के लिए 2 खास मुहूर्त प्राप्त होंगे. जिसमें पहला मुहूर्त प्रदोष काल है, इस दिन प्रदोष काल की शुरुआत शाम 5 बजकर 46 मिनट से होगी। इसका समापन रात 8 बजकर 18 मिनट पर होगा। इसके अलावा दूसरा मुहूर्त स्थिर लग्न का वृषभ काल में भी मां लक्ष्मी के पूजन का अच्छा मुहूर्त माना जाता है जो कि शाम 7 बजकर 8 मिनट से शुरू होकर रात 9 बजकर 3 मिनट पर समाप्त होगा। इन दोनों मुहूर्तों के अलावा, मां लक्ष्मी की पूजा का खास मुहूर्त शाम 7 बजकर 08 मिनट से शुरू होकर रात 8 बजकर 18 मिनट पर समाप्त हो जाएगा। जिसकी अवधि 1 घंटे 11 मिनट की रहेगी। इसके अलावा, इस दिन महानिशीथ काल मध्यरात्रि 11 बजकर 41 मिनट से शुरू होकर अर्धरात्रि 12 बजकर 31 मिनट तक रहेगा।

स्वदेशी उत्पादों का करें उपयोग

कांकेर विधायक आशाराम नेताम ने दीपावली पर्व पर समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि दीपावली अंधकार पर प्रकाश और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। यह पर्व हमें एकता, प्रेम और सहयोग की भावना से समाज में सकारात्मक ऊर्जा फैलाने का संदेश देता है। नेताम ने सभी से अपील की कि दीपावली को स्वदेशी उत्पादों के उपयोग, स्वच्छता और पर्यावरण की रक्षा के साथ मनाएं। उन्होंने कामना की कि यह पर्व सबके जीवन में सुख, समृद्धि और नई आशा लेकर आए।

शांति, प्रेम व सौहार्द्र के साथ मनाएं दीपावली पर्व

कांकेर जिले के कलेक्टर निलेश महादेव क्षीरसागर ने दीपावली के अवसर पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि दीपावली का पर्व प्रकाश, सद्भावना और आपसी भाईचारे का प्रतीक है। सभी नागरिक स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सुरक्षा का ध्यान रखें। फटाखे सीमित मात्रा में और निर्धारित समय में ही जलाएं ताकि प्रदूषण और दुर्घटनाओं से बचा जा सके। कलेक्टर ने सभी से अपील की कि जरूरतमंदों की मदद करें और त्योहार को शांति, प्रेम व सौहार्द के साथ मनाएं।

सुरक्षा, संयम और उत्तरदायित्व का रखें ध्यान

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला ने कहा कि दीपावली अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाला पर्व है। यह न केवल खुशियों और समृद्धि का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक सद्भाव और भाईचारे का संदेश भी देता है। हम सभी को इस अवसर पर सुरक्षा, संयम और उत्तरदायित्व का ध्यान रखना चाहिए। पटाखों और आतिशबाजी में सावधानी बरतें, और पर्यावरण की सुरक्षा को प्राथमिकता दें। यह पर्व हमें अपने कर्तव्यों, ईमानदारी और दूसरों की मदद करने की प्रेरणा भी देता है। दीपावली का प्रकाश जीवन में सकारात्मक ऊर्जा, प्रेम और एकता फैलाए। जिले के सभी नागरिकों को मेरी तरफ से दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं।

समाज में समृद्धि और शांति फैलाने का अवसर

जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी ने कहा कि दीपावली का पर्व प्रकाश और सकारात्मकता का संदेश लेकर आता है। यह हमें अंधकार से निकलकर ज्ञान, सद्भाव और उत्साह की ओर बढ़ने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर हमें सामाजिक और पारिवारिक जिम्मेदारियों का पालन करना चाहिए और एक-दूसरे के साथ सहयोग, सौहार्द और प्रेम बनाए रखना चाहिए। पर्यावरण को सुरक्षित रखते हुए पटाखों का उपयोग सीमित करें। यह पर्व न केवल व्यक्तिगत खुशी बल्कि समाज में समृद्धि और शांति फैलाने का अवसर है।

दुधावा-सरोना को जोड़ने वाली सड़क जर्जर रोज हो रहे हैं हादसे, मरम्मत की माँग की

दुधावा। बारिश अब पूरी तरह से थम चुकी है और बारिश के कारण सड़को की हालत पूरी तरह से जर्जर हो जाने के चलते उस पर ग्रामीणों का चलना मुश्किल हो गया है। बारिश के कारण सड़क में हुए गड्ढो में प्रतिदिन दुर्घटनाएं हो रही है। वार्ड पंच धारेन्द्र सोनी, ग्राम पटेल प्रीतम नाग, सुशील पटेल, तामेश्वर सोनी, सुनील पाल, धन्नजय नेताम, रुपकुमार निषाद एवं अन्य ग्रामीणों का कहना है कि सड़क के परखचे उड़ गए है और जगह-जगह गड्ढे हो गए है। विभाग के अमले ने खानापूर्ति करने के लिए बड़े गड्ढो में गिट्टी डाल दिया है, परंतु उसमें कुछ मिट्टी नहीं डाले, जिससे गिट्टी में दो पहिया वाहन स्लिप होकर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे है। विभाग की लापरवाही से राहगीर फिसल कर गिर कर चोटिल हो रहे हैं। खास कर स्कूली बच्चे सायकल से स्कूल जाते आते वक्त गिर कर चोटिल होकर घायल हो रहें हैं। इसके अलावा वाहनों के चलने से उड़ने वाली धूल से सड़क किनारे रहने वाले ग्रामीणों का जीना मुश्किल हो गया है। इस मार्ग में सड़क बनने के चलते सैकड़ो वाहनों का प्रतिदिन आना जाना रहता है और सुबह से उड़ने वाली धूल से ग्रामीण बेहद परेशान हो गए है। बरकई निवासी रंजीत पाल ने बताया कि धूल से बचने के लिए अपने घर के सामने ग्रीन पाल ढका है। धूल ऐसी है कि दिनभर में ग्रीनपाल धूलमय हो जाता है। कर विभाग की लापरवाही के वजह से क्षेत्र के ग्रामीण बेहद परेशान हैं । यात्री बस, स्कूल बस और छोटी बड़ी मालवाहक गाड़ी चलने से धुल उड़ने से लोग बीमार पड़ रहें है। धुल की वजह से खांसी, दमा आदि बीमारी होने की डर ग्रामीणों को सता रहा है। ग्रामीणों ने माँग किया कि सड़क का जल्द से जल्द मरम्मत कार्य किया जाएं, नहीं तो ग्रामीण उग्र प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

अल्टीमेटम बेअसर, झिटकाटोला के ग्रामीणों का आक्रोश उफान पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत झिटकाटोला में ग्रामीणों का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। प्रशासन और माइंस प्रबंधन को 18 अक्टूबर तक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने का अल्टीमेटम देने के बावजूद जब उनकी मांगों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो ग्रामीणों ने आंदोलन को दूसरे दिन भी जारी रखा। ग्रामीणों ने बताया कि वे लंबे समय से सड़क मरम्मत, रोजगार के अवसर और अन्य आवश्यक सुविधाओं की मांग कर रहे हैं, लेकिन उनकी शिकायतों को बार-बार अनदेखा किया जा रहा है। खदान क्षेत्र में चल रही भारी वाहनों की आवाजाही से गांव की सड़कों की हालत जर्जर हो चुकी है, जिससे आवागमन में दिक्कतें बढ़ गई हैं। धूल-मिट्टी के कारण लोगों को स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां भी हो रही हैं, लेकिन माइंस प्रबंधन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा। ग्रामीणों ने कहा कि खदानों से मुनाफा तो निकाला जा रहा है, पर स्थानीय लोगों को उसका कोई लाभ नहीं मिल रहा। रोजगार के नाम पर वादे अधूरे रह गए हैं और गांव के युवा बेरोजगार हैं। आंदोलन में महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने एकजुट होकर भाग लिया। उनका कहना है कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस कदम नहीं उठाया जाता, तब तक वे आंदोलन समाप्त नहीं करेंगे। उधर, प्रशासनिक अमला ग्रामीणों से संवाद स्थापित करने की कोशिश कर रहा है, लेकिन अब तक कोई निर्णायक समाधान नहीं निकल पाया है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा।

केंवटी में बिना लाइसेंस के फटाखा बेचने पर कार्रवाई, पुलिस ने जब्त किया फटाखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

दीपावली से पहले भानुप्रतापपुर पुलिस ने बिना लाइसेंस के फटाखे बेचने वालों के खिलाफ सख्त

- दुकानदार के खिलाफ मामला दर्ज

कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी क्रम में शनिवार को केंवटी में बिना अनुमति फटाखा बेच रहे एक दुकानदार को पकड़ा। संबंधित दुकानदार बिना वैध लाइसेंस के फटाखा बेचने के लिए रखे हुए था, जिसे पुलिस ने जब्त किया। दुकानदार के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

पुलिस गश्त के दौरान 18 अक्टूबर को देर शाम जानकारी मिली कि भानुप्रतापपुर थानांतर्गत ग्राम केंवटी में एक दुकानदार बिना लाइसेंस के फटाखा बेच रहा है। खबर मिलने पर केंवटी पहुँचकर मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर घेराबंदी कर रेड डाली गई। एक व्यक्ति को पकड़कर नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम कैलाश सांगड़े पिता धनसूराम सांगड़े उम्र 38 वर्ष निवासी वार्ड क्रंमांक 07 केंवटी थाना भानुप्रतापपुर का होना बताया। उसके पास एक खाकी रंग का कार्टून था, जिसमें फटाखा होना बताया। तलाशी लेने पर कार्टून में कलर स्टार आतिशबाजी 01 डब्बा कीमती 2080 रुपए, बुलेट फाटाखा 10 नग, ड्रेगन लक्ष्मी फटाखा 10 नग, रेम्बो लक्ष्मी फटाखा 10 पैकेट,एआरबी साऊंड फटाखा 04 पैकेट, सूमो लड़ी फटाखा छोटा 03 पैकेट, आरबीट लड़ी फटाखा बड़ा 04 पैकेट, पैरेट लक्ष्मी फटाखा 10 पैकेट, तुर्की ब्रॉड लरी फटाखा 15 पैकेट, फुलझड़ी छोटा ग्रीन 10 पैकेट, फोटो फ्लेश फटाखा 03 पैकेट, फुलझड़ी नीला 05 पैकेट, टाईगर बम 02 पैकेट जब्त किया गया, जिसकी कीमत लगभग 17 हजार रुपए है।

गिरफ्तार व मुचलके में रिहा

संदेही कैलाश सांगड़े को जब्त फटाखा बेचने का वैध लायसेंस एवं दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए धारा 94 बीएनएसएस का नोटिस दिया गया। जवाब में उसने कोई लायसेंस नहीं होना लिखित में दिया। संदेही कैलाश सांगड़े का कृत्य अपराध सदर धारा 9 (ख) विस्फोटक अधिनियम का पाए जाने से विधिवत कार्रवाई की गई। गवाहों के समक्ष सभी फटाखों को बरामद कर जब्त कर एक खाकी रंग के कार्टून में भरकर मौके पर सीलबंद कर कब्जे में पुलिस ने लिया। आरोपी को अपराध का कारण बताकर समय सदर मे गिरफ्तार किया गया। मामला जमानतीय होने व सक्षम जमानतदार पेश करने पर आरोपी को जमानत मुचलका पर रिहा किया गया।

ग्रामसभा के नियमों का पालन करना होगा, नहीं तो कार्रवाई

जामगांव का माहौल खराब करने का किया जा रहा प्रयास, ग्रामीणों में बढ़ रहा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

विकासखंड नरहरपुर के ग्राम जामगांव में शनिवार बाजार में ईसाई धर्मांतरण के खिलाफ ग्रामीणों ने विरोध किया। उनका आरोप है कि जय भीम पार्टी के लोग बाहर से आए ईसाई पादरी और पास्टरों का समर्थन कर रहे हैं, जो गांव में धर्मांतरण का काम कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि जय भीम पार्टी के लोग गांव में आकर हंगामा कर रहे थे और संविधान का हवाला दे रहे थे। जामगांव के ग्रामीणों ने गांव के प्रवेश द्वार पर एक बोर्ड लगाया है, जिसमें लिखा है कि गांव में बाहरी व्यक्तियों का प्रवेश वर्जित है। खासकर पादरी और पास्टर जो धर्मांतरण के उद्देश्य से आते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह कदम उनकी सांस्कृतिक पहचान और परंपराओं की रक्षा के लिए उठाया गया है। ग्रामीणों में आक्रोश है क्योंकि उनका मानना है कि जय भीम पार्टी के लोग बिना अनुमति के गांव में आकर विवाद खड़ा कर रहे हैं। ग्रामीणों ने शासन और प्रशासन को भी इस बारे में अवगत करा दिया है और बाहरी व्यक्तियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग किया है। इस विषय पर जय भीम पार्टी के पदाधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया, परंतु संपर्क नहीं हो पाया। ग्रामीणों का कहना है कि जामगांव के माहौल को खराब करने का प्रयास किया जा रहा है, प्रशासन को इस मामले को संज्ञान में लेकर बिगड़ रहे माहौल को ठीक करने की जरूरत है।

- बाहरी लोग आकर कर रहे गांव में हंगामा

लगातार विवाद की बन रही स्थिति

ग्राम सभा ने निर्णय लिया है, उसका पालन करना होगा और उसका पालन नहीं करने पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जामगांव में बाजार के दिन लगातार विवाद होने की स्थिति बनती रहती है। जामगांव की समस्या के निदान को लेकर ग्रामीणों को गंभीरता दिखानी होगी, अन्यथा कभी भी बड़ी घटना हो सकती है।

वेगानार की ठोकर से बाइक सवार तीन घायल, जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

तारसगांव के पास रविवार 19 अक्टूबर को दोपहर में वेगानार के चालक ने लापरवाही बरतते हुए मोटर सायकल को ठोकर मार दिया। मोटर सायकल में सवार तीन लोगों को मामूली चोट आई है और शिकायत पर आरोपी वेगानार के चालक के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

चारामा थाना में शिकायत करने पहुँचे ने पुलिस को बताया कि मैं ग्राम कोहकाटोला चारभट्टी का रहने वाला हूँ और 18 बीएन चरेमरें में सीएएफ कैंप में आरक्षक के पद पर पदस्थ हूं । मैं 19 अक्टूबर को दोपहर करीबन 12 बजे के आसपास अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीएम 6215 में मैं, मेरा बेटा राजीव कांगे तथा बुआ जगमोतिन नेताम गांव से चंदेली जा रहे थे। तारसगांव के पास पहुँचे थे, तभी सामने की तरफ से एक वेगेनार का चालक सीजी 19 बीएन 0670 का चालक है। तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते लाकर ठोकर मार दिया, जिससे हम लोग सड़क पर गिर गए। मेरा बेटा का दाहिना जांघ में काफी चोट लगा है तथा दाहिना पैर के एडी में चोट लगा है। मेरे बुआ को अंदरूनी सीना में लगा है तथा मुझे दाहिना पैर एवं दाहिना हाथ कोहनी में चोट लगा है कि तत्काल पहचान की गाड़ी से चारामा अस्पताल लाया हूं। चारामा पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ 125 ए, 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

शुभ दीपावली

मा. विष्णुदेव साय

मा. विजय शर्मा

मा. अरूण साव

मा. केदार कश्यप

मा. भोजराज नाग

मा. विक्रम उसेंडी

समस्त क्षेत्रवासियों को

दीपावली पर्व

की हार्दिक शुभकामनाएं...

अपील

जल ही जीवन है, सदुपयोग करें बर्बाद न करें

समस्त ग्राम पंचायत स्वच्छता का रखे ध्यान

विनीत : जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा जिला कांकेर

समस्त देशवासियों को
दीपों का पर्व दीपावली, गोवर्धन पूजा, भाई दूज की
हार्दिक शुभकामनाएं...

अहिंसा बैंगल स्टोर

बस स्टैण्ड के पीछे भानुप्रतापपुर, मो.: 9407644344

18 वर्षों से आपके सेवा में
इमिटेशन ज्वेलरी एवं बैंगल्स के
थोक एवं चिल्हर विक्रेता

आनंद जैन

अहिंसिका जैन

अक्षिता जैन

समस्त क्षेत्रवासियों को
दीपावली की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...

शहीद चन्द्रशेखर
आज़ाद होटल
स्वीट्स डेलीनीड्स भोजनालय

सोनी परिवार की ओर से दीपावली, गोवर्धन पूजा, भाई दूज एवं देवउठनी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं!

सोनी फर्नीचर
चांदनी चौक, संबलपुर
दरवाजे, चौखट, डायनिंग, सोफा, मूर्ति, मंदिर, पलंग, दीवान का संगर्ण रेंज उपलब्ध
प्रो. प्रभाकर सोनी, सुरेन्द्र सोनी, मो.: 7587257666

छ.ग. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड की प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम अंतर्गत देना बैंक भानुप्रतापपुर से सहायता प्राप्त इकाई

सोनी ट्रेडर्स
ग्राम-पांडरपुरी रोड, संबलपुर
फ्लाई ऐश ब्रिक्स निर्माता एवं विक्रेता
मोहन मैनेजर, मो.: 7828710116

सोनी मेडिकल स्टोर्स
अस्पताल के बाजू, भानुप्रतापपुर
प्रो. राजू सोनी

सोनी रोड लाईन्स
भानुप्रतापपुर, संबलपुर
प्रो.: खोमचंद सोनी, हेमू सोनी

बजरंग फर्नीचर

बस स्टैण्ड, भानुप्रतापपुर
प्रो. हेमू सोनी

संकलनकर्ता : अभिषेक पाण्डेय, संवाददाता, भानुप्रतापपुर मो. 9407909500, 9770004148

बाइक सवार को बचाने टिप्पर रोक पीछे आ रहा वाहन टकराया

फरसगांव। नेशनल हाईवे 30 बड़ेडोंगर चौक के पास रविवार की शाम करीब 4 बजे बाइक सवार को बचाने के चक्कर ने एक टिप्पर ने ब्रेक मार दिया। वही उसके पीछे आ रही टिप्पर उसके पीछे टकरा गई। पीछे वाले टिप्पर का चालक वाहन में फंसा हुआ था। सूचना पर तत्काल फरसगांव थाना प्रभारी विकासचंद राय अपनी टीम के साथी मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से वाहन में फंसे चालक को निकलने में जुट गई।

गांजा तस्कर राजकुमार और रघुनाथ गिरफ्तार, मादक पदार्थ-नकद जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणपुर

शहर में पिछले कुछ महीनों से अवैध रूप से चल रहे नशे के कारोबार ने नारायणपुर पुलिस की नींद उड़ा रखी थी। खुफिया तंत्र की मुस्तैदी और मुखबिर की सूचना पर आखिरकार नारायणपुर पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली। सटीक सूचना के बाद पुलिस ने छापा मारकर शहर के पुराने बदमाश और गांजा तस्कर राजकुमार डे को 5. 250 किलो गांजा कीमत 52 हजार 3 सौ रुपए और 600 रुपए नकद कुल 53100 रुपए के साथ न्यू बस स्टैंड शौचालय के पास से गिरफ्तार किया। साथ ही एक 62 वर्षीय बुजुर्ग व्यक्ति रघुनाथ पटेल को 720 ग्राम गांजा कीमत 7000 रुपये के साथ प्लाटपारा गढ़बेंगाल से गिरफ्तार किया। बता दें काफी लंबे समय से शहर के बखरूपारा में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा चोरी- छिपे ड्रग्स,गांजा,अफीम सहित कुछ नशीली दवाइयाँ बेचने की खबर आ रही थी। तस्करों द्वारा इस अवैध धंधे को इस कदर अंजाम दिया जाता था, कि पुलिस को कानोकान खबर नहीं होती थी।

नए थाना प्रभारी से संस्था के सदस्यों ने की मुलाकात

फरसगांव। थाने में नये थाना प्रभारी विकासचंद राय ने नया पदभार ग्रहण किया है, वहीं उम्मीद समाजिक संस्था के सदस्य रविवार को थाने पहुँच नए अधिकारी को गुलदस्ता देकर स्वागत किया व मुंह मीठा कराया। इस अवसर पर सभी ने थाना प्रभारी विकासचंद राय से परिचय प्राप्त किया। नगर के गतिविधियों के बारे में भी चर्चा की गई। मौके पर नये थाना प्रभारी विकासचंद राय ने कहा कि क्षेत्र में प्रेम, सौहार्द्र एवं शांति के लिए पुलिस प्रशासन एवं पब्लिक में भाईचारा जरुरी है। आम लोगों के सहयोग के बिना पुलिस प्रशासन अधूरा है। लोग पुलिस प्रशासन का सहयोग करें, पुलिस से डरें नहीं। पुलिस अपराध पर नियंत्रण एंव अपराधियों की धरपकड़ के लिए है, आम लोगों की तरह पुलिस कर्मी भी इंसान हैं। इस दौरान उम्मीद संस्था के सदस्य सहित अन्य उपस्थित थे।

चटर्जी हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक, रुद्री रोड, धमतरी मो. : 7000627909, 07722296001
Start the Month with savings
40% OFF ON ALL TEST ON 1st OF EVERY MONTH
आयुष्मान कार्ड सुविधा उपलब्ध
डॉ. सुधीर चटर्जी
MBBS, MD (Medicine)
CCEBDM (Diabetes)
डॉ. कृतिका चटर्जी
MBBS, MD (Pathology)
सुविधाएं
कमर दर्द / हाथ पैर दर्द का इलाज
हृदय रोग संबंधित बीमारियों का इलाज
डॉयलिसिस सुविधा
24 HOUR SERVICE
Cardio Diabetic Center
लकवा एवं मिर्गी का इलाज
खून एवं पेशाब जांच की सुविधा
ओपीडी का समय : प्रातः 11 से 5 बजे तक

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

समस्त प्रदेशवासियों को दीपावली पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
या ताज टायर्स
विश्वसनीय संस्थान : अवसर अवश्य दें...
• फायनेंस सुविधा उपलब्ध।
• पुरानी गाड़ियां का उचित दाम।
• मनचाही नई गाड़ी तत्काल उपलब्ध।
• नई पुरानी गाड़ी खरीदी बिक्री का 10 वर्षो का अनुभव
लट्टी पारा कांकेर, टायरों के थोक एवं चिल्हर विक्रेता
दीपावली के शुभ अवसर पर वाहन मेला
अब आपके कांकेर शहर में कोई भी कम्पनी की पुरानी गाड़ी लाए... और नई गाड़ी ले जाएं...
आसान किस्तों में...
गाड़ियों / टायरों के थोक एवं चिल्हर विक्रेता
मेन रोड लट्टी पारा, कांकेर (छ.ग.)
मो. शाकिर : 94062-87345, 94076-78604

समस्त क्षेत्रवासियों को लक्ष्मीपूजा-दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं...
प्राईवेट सेक्टर कांकेर शहर की एक मात्र डायलिसिस सेंटर
पूर्णिमा हॉस्पिटल
डायलिसिस सेन्टर
एक्स-रे की सुविधा उपलब्ध
नि:शुल्क डॉ. परामर्श
डायलिसिस के फायदे :
• पूर्णिमा डालिसिस सेन्टर (जहां आपको मिलती है) उत्तम डायलिसिस की सेवाएं और परामर्श की सुविधा उपलब्ध है।
• खून को फिल्टर कर अतिरिक्त नमक पानी और टास्किस वेस्ट उत्पादों को निकालती है।
• शरीर में इलेक्ट्रो लाइटस की सुरक्षित स्तर बनाये रखती है।
• ब्लड प्रेसर को कंट्रोल करने में मदद करती है।
अन्य सुविधायें :
• गहन चिकित्सा (ICU)
• पैथालॉजी लैब की सुविधा।
• जनरेटर की सुविधा
• केंटीन की सुविधा
• 24 घंटे आपातकालीन चिकित्सा सुविधा।
• फार्मेसी (दवाई दुकान की सुविधा)
• एम्बुलेंस की सुविधा (लाने ले जाने के लिए)
• वेन्टिलेटर की सुविधा
• डायलिसिस सेंटर
• 24 घंटे डायलिसिस की सुविधा।
24/7 EMERGENCY service
भीरावाही, जिला - कांकेर (छ.ग.) मो. 8103712577

लक्ष्मीपूजा-दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं...

M.S. मोटर्स

सभी प्रकार की नई एवं पुरानी गाड़ियों की खरीदी-बिक्री की जाती है एवं गाड़ियों का बीमा किया जाता है।

प्रो. मोनू साहू
9406026726

टू व्हीलर वाहनों के विक्रेता

पारस साहू
7587498989

माकड़ी हॉस्टल के पास, रायपुर रोड, कांकेर-494334 (छ.ग.)

M.S. मोटर्स

POWERTRAC
ESCORTS

पावरट्रेक ट्रेक्टर्स
अधिकृत विक्रेता : कांकेर

प्रो. ऋषभ साहू
9098814848

मोनू साहू - 9406026726

पीजी कॉलेज के पास, रायपुर रोड, कांकेर - 494334 (छ.ग.)

दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं...

VIKAS
BOOT HOUSE

Pro.
Vikas Motwani
8770438920
Daily Market, Kanker (C.G.)

खबर संक्षेप

दिव्यांगजन को मिली विवाह प्रोत्साहन राशि

कांकेर। छत्तीसगढ़ शासन समाज कल्याण विभाग की दिव्यांगजन कल्याणकारी योजनाओं से दिव्यांगजनों को सहायता दी जा रही है। उप संचालक समाज कल्याण ने बताया कि दिव्यांग दंपति विकास कुमार व प्रीति साहू द्वारा विवाह के 06 महीने के भीतर दिव्यांगजन विवाह प्रोत्साहन के लाभ हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया। इस पर कार्यवाही करते हुए पति-पत्नी दोनों 80 प्रतिशत श्रवणबाधित दिव्यांग होने पर दोनो को 50-50 हजार रूपए, कुल एक लाख रूपए की विवाह प्रोत्साहन राशि संचालक समाज कल्याण रायपुर द्वारा स्वीकृत किया गया।

नरहरपुर थाना प्रभारी से की सौजन्य भेंट

सरोना। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के पदाधिकारियों द्वारा नरहरपुर थाना प्रभारी सोमेश सिंह बघेल से मुलाकात कर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला मंत्री मुन्ना चौलेन्द्र तिवारी, सह मंत्री धर्मेंद्र सुरजिया, प्रखंड सह मंत्री गौरव शोरी, उपाध्यक्ष राजेश सुराजिया, धर्म रक्षक प्रमुख आलोक कौशिक एवं परमेश सिन्हा उपस्थित रहे। बैठक के दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने थाना प्रभारी से क्षेत्र की सामाजिक समरसता, शांति व्यवस्था और युवाओं को राष्ट्रहित में जोड़ने जैसे विषयों पर सार्थक चर्चा किया।

छिंदपारा में राज्य स्तरीय डीजे डांस स्पर्धा 22 को

दुर्गुकोंदल। विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम परकोड़ो छिन्दपारा में आगामी 22 अक्टूबर बुधवार की रात्रि को राज्य स्तरीय द्वितीय वर्ष डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन नव युवक समिति परकोड़ो के तत्वावधान और ग्रामवासियों के सहयोग से किया जाएगा। कार्यक्रम में सामूहिक, युगल एवं एकल नृत्य की प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी, जिनमें प्रतिभागियों को आकर्षक नगद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। सामूहिक नृत्य में प्रथम पुरस्कार 11,101, द्वितीय 8,001, तृतीय 6,001 एवं चतुर्थ 4,001 हजार रूपए निर्धारित है। युगल नृत्य में प्रथम पुरस्कार 6,001, द्वितीय 4,001, तृतीय 3,001 और चतुर्थ 2,001 हजार रूपए रहेगा। वहीं एकल नृत्य श्रेणी में प्रथम पुरस्कार 4,001, द्वितीय 3,001 एवं तृतीय पुरस्कार 2,001 हजार रूपए निर्धारित किए गए हैं।

नेत्र सुरक्षा कार्यक्रम में दिया गया प्रशिक्षण

जगदलपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बकावंड में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय बसाक एवं जिला नोडल अधिकारी सह नेत्र विशेषज्ञ डॉ. सरिता थामस की उपस्थिति में 24 से 31 अक्टूबर तक विकासखंड बकावंड में जिले के समस्त नेत्र सहायक अधिकारियों के बैठक एवं प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. थामस द्वारा स्वास्थ्य संयोजक महिला पुरुष सेक्टर पर्यवेक्षक मितानीन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लेप्रा सोसाइटी के सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता को प्रशिक्षण दिया गया। विकासखंड बकावंड मे सम्पूर्ण नेत्र सुरक्षा कार्यक्रम में घर-घर सर्वेक्षण कर नेत्र संबंधी रोग मोतियाबिंद आदि के मरीजो की जांच एवं उपचार किया जाएगा, जिसमें सभी के सहयोग से यह कार्यक्रय किया जाना है।

समारोह : संगीत विभाग की टीम के गीतों ने किया भावविभोर और आनंदित

जेपीआईएस की दीपावली के संगीत समारोह को प्रबंधन एवं शिक्षकों की प्रस्तुति ने बनाया यादगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

शिक्षा के क्षेत्र में अपनी उत्कृष्टता और नवीन गतिविधियों के लिए प्रसिद्ध जेपीआईएस विद्यालय सरंगपाल ने इस बार दीपावली के पर्व को एक विशेष अंदाज में मनाया। स्कूल के प्रबंधन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में शिक्षकों और कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और इसे एक यादगार सांस्कृतिक महोत्सव का रूप दिया। इस वर्ष दीपावली समारोह को संगीतमय कार्यक्रम के साथ जोड़ा गया, जिससे स्कूल परिसर में उत्सव का माहौल चारों ओर फैला रहा। कार्यक्रम की शुरुआत विशेष स्वागत समारोह से हुई। स्कूल के प्रबंधन एवं शिक्षकों ने दीपावली पर संदेश दिया और दीप प्रज्जवलित किया गया। इसके बाद दीपों की रोशनी में सभी उपस्थित लोग एक साथ दीप जलाने की परंपरा का आनंद लेने के लिए एकत्र हुए। इस दौरान स्कूल के संगीत विभाग की टीम ने गीतों की प्रस्तुति दी, जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन विशेष रूप से शिक्षकों के लिए किया गया था, जिसका लुत्फ उठाया। इस अवसर पर जेपीआईएस के डायरेक्टर शंकर गिदवानी ने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान देने वाले नहीं, बल्कि समाज में संस्कृति और परंपराओं को बनाए रखने वाले मार्गदर्शक भी होते हैं। इसके उपरांत सलाहकार गोविंद मुदलियार ने बताया कि इस बार दीपावली समारोह का मुख्य उद्देश्य केवल त्यौहार का आनंद लेना नहीं था, बल्कि शिक्षकों और प्रबंधन के बीच आत्मीयता और सहयोग की भावना को बढ़ावा देना भी था। अन्य वक्ताओं ने ने कहा कि दीपावली न केवल रोशनी का त्योहार है, बल्कि यह हमारे जीवन में अच्छाई और सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ाने का प्रतीक भी है। उन्होंने शिक्षकों और कर्मचारियों को उनके अथक प्रयासों और स्कूल की शैक्षणिक उत्कृष्टता में योगदान के लिए धन्यवाद दिया। प्राचार्य रितेश चौबे ने कहा कि यह आयोजन केवल एक सांस्कृतिक महोत्सव नहीं था, बल्कि यह स्कूल की सामूहिकता, रचनात्मकता और एकता का प्रतीक था। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे आयोजन स्कूल के सामाजिक और सांस्कृतिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

अंतिम गाने में एक साथ मिलकर सभी झूम उठे

सांगीतमय कार्यक्रम का समापन शानदार तरीके से हुआ। स्कूल के छात्रों और शिक्षकों ने मिलकर एक संयुक्त गीत प्रस्तुत किया, जिसमें दीपावली की खुशियाँ, भाईचारे का संदेश और उज्जवल भविष्य की कामना दर्शाई गई। इस प्रस्तुति ने सभी उपस्थित लोगों का मन मोह लिया और कार्यक्रम को एक यादगार अंत प्रदान किया।

नई उर्जा का हुआ संचार

जेपीआईएस स्कूल में दीपावली और संगीतमय कार्यक्रम ने यह साबित कर दिया कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं होती, बल्कि इसमें संस्कृति, कला और समाजिक मूल्यों का संवर्धन भी शामिल है। इस कार्यक्रम से स्कूल के सभी सदस्यों के बीच उत्साह और भाईचारे की भावना को और मजबूत किया। दीपावली के इस पर्व ने जेपीआईएस स्कूल में एक नई ऊर्जा का संचार किया। शिक्षकों और छात्रों ने मिलकर इस त्योहार को सिर्फ रोशनी के लिए नहीं, बल्कि ज्ञान, संस्कृति और प्रेम के लिए भी मनाया। इस आयोजन ने यह स्पष्ट कर दिया कि शिक्षा और संस्कृति का संगम स्कूल को केवल अकादमिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी समृद्ध बनाता है।

आयोजन यादगार बन जाता है

कार्यक्रम का सार यह है कि जेपीआईएस स्कूल ने इस दीपावली पर केवल त्योहार मनाने तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसे एक ऐसा मंच बनाया जहाँ शिक्षक और प्रबंधन मिलकर कला, संस्कृति और ज्ञान का आदान-प्रदान किया। जेपीआईएस स्कूल का दीपावली और संगीतमय कार्यक्रम शिक्षा, संस्कृति और सामूहिकता का प्रतीक बनकर उभरा। यह आयोजन स्कूल समुदाय में सहयोग, प्रेम और उत्साह की भावना को मजबूत करने में सफल रहा। शिक्षकों और प्रबंधन की सहभागिता ने यह संदेश दिया कि जब एक परिवार की तरह मिलकर काम किया जाता है, तो हर आयोजन यादगार बन जाता है।

दीपावली आज, बाजारों में छाया उपहारों और छूटों का आकर्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गुकोंदल

कार्तिक मास की अमावस्या जिसे दीपावली के रूप में धूमधाम से मनाया जाता है। इस बार दीपावली आज 20 अक्टूबर सोमवार को है, जिसकी रौनक देखते ही बन रही है। घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में स्वच्छता और रंग-रोगन का कार्य लगभग पूरा हो चुका है और अब लोग उन्हें दीयों, मोमबत्तियों और झिलमिलाती लाइटों से सजाने में जुटे हैं। हर तरफ उत्साह और उमंग का वातावरण है। बाजारों में रंग-बिरंगी लाइटों, दीयों, मोमबत्तियों और सजावटी सामान की दुकानें सजी हुई हैं, जहाँ खरीदारी करते लोगों की भीड़ उमड़ रही है। लोग न केवल अपने घरों, बल्कि आस-पड़ोस और सार्वजनिक स्थानों को भी साफ-सुथरा और सजा-धजा देखना चाहते हैं, जिससे स्पष्ट होता है कि दीपावली की रौनक अब सिर्फ घरों तक ही सीमित नहीं है। नगर के बाजारों में एक अलग ही चमक-दमक और रौनक देखने को मिल रही है। पटाखों की दुकानें, मिठाइयों के महकते हुए स्टॉल, मिट्टी के दीयों और बर्तनों की रंगीन दुकानें, झिलमिलाती लाइटों की दुकानें और फैशनेबल परिधानों के शोरूम सभी ग्राहकों को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए तरह-तरह की उपहार योजनाओं और आकर्षक छूटों का जादू बिखेर रहे हैं। हर दुकानदार ग्राहकों को लुभाने के लिए नए-नए /"डील ऑफर/" और /"लकी ड्रॉ/" की होड़ में है। मिठाई की दुकानें एक किलो खरीद पर एक आधा किलो फ्री दे रही हैं, तो कपड़ों के शोरूम विशेष दिवाली डिस्काउंट का ऐलान कर रहे हैं। पटाखों की दुकानों पर /"कॉम्बो पैक/" की धूम है, जबकि बिजली के सामान की दुकानों पर गिफ्ट वाउचर का प्रलोभन दिया जा रहा है। यह दृश्य साफ दिखा रहा है कि दीपावली का यह पर्व सिर्फ उल्लास और रोशनी का ही नहीं, बल्कि आर्थिक गतिविधियों के लिए एक विशेष उत्सव बन गया है, जहाँ हर दुकानदार अपने-अपने तरीके से ग्राहकों का दिल जीतने में जुटा हुआ है।

रेडक्रॉस सीख रहा सीपीआर की प्रक्रिया बचा सकते हैं समय पर पीड़ितों की जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के निर्देशानुसार पूरे देश मे सीपीआर जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। कांकेर जिले में रेडक्रास के अध्यक्ष कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन में सीपीआर सप्ताह में लोगो को सीपीआर के प्रति जागरूकता करने कार्यक्रम शुरू किए गए हैं। सीपीआर के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए 13 से 17 अक्टूबर तक पूरे देश में सीपीआर सप्ताह मानने का निर्णय लिया है।

प्रथम दिवस शासकीय शिक्षा महाविद्यालय में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी कांकेर द्वारा सीपीआर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। राज्य प्रतिनिधि अनुपम जोफर ने बेसिक लाइफ स्पोर्ट की जानकारी देते हुए जागरूकता संबंधित बात बताई। मास्टर ट्रेनर व जिला संगठक रेडक्रास पवन सेन ने विस्तार से बताया कि आज हार्ट अटैक का मुख्य कारण क्या है, अटैक से कैसे बचा जा सकता है, क्या क्या सावधानी बरतना चाहिए। प्रशिक्षण के अंतर्गत दृश्य निर्माण करते हुए जीवन रक्षा कौशल के सभी चरणों को बताया गया। देखना, सुनना, एहसास करना एवं एयरवेस, ब्रीदिंग तथा सर्कुलेशन के प्रक्रिया को समझाते हुए 2 माउथ टू माउथ 30 चेस्ट कंप्रेशन के चरणबद्ध प्रक्रिया से अवगत कराया गया। डमी के माध्यम से सभी को डेमो करके दिखाया, सभी विद्यार्थियों को मौका देते हुए उनके सीपीआर देने का प्रैक्टिकल भी कराया। शिक्षा महाविद्यालय के कार्यक्रम में प्राचार्य आरके मिश्रा, प्राध्यापक पूर्वा शर्मा, प्राध्यापक सहित महाविद्यालय के 50 छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। द्वितीय दिवस शासकीय शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट में 70 छात्र छात्राओं और कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण में प्राचार्य आनंद गुप्ता, उप प्राचार्य भुवन जैन, प्राध्यापक जनक सिंह, दिनेश सिंहा, प्रशिक्षक जीआर साहू, सहयोगी जागेश्वर ठाकुर उपस्थित रहे। मास्टर ट्रेनर पवन सेन ने बताया कि सीपीआर तुरंत शुरू करने से व्यक्ति के मस्तिष्क और हृदय को ऑक्सीजन मिलती रहती है। जिससे उसकी जान बचाई जा सकती है। दुर्घटना, डूबने, करंट लगने या हार्ट अटैक जैसी स्थिति में सीपीआर देने से एम्बुलेंस या डॉक्टर के आने तक व्यक्ति की स्थिति को स्थिर रखा जा सकता है अगर हृदय रुकने के पहले 4-5 मिनट के अंदर सीपीआर शुरू कर जाती है तो व्यक्ति के जीवित रहने की संभावना बहुत बढ़ जाती है। सीपीआर केवल डॉक्टरों और नर्सों को ही नहीं आम जन को भी दिया जाए ताकि किसी भी आपात स्थिति में मदद की जा सके। इस प्रशिक्षण के माध्यम से यह सुनिश्चित करना है कि हर घर, स्कूल, कार्यालय और सार्वजनिक स्थान पर कम से कम एक व्यक्ति इस जीवनरक्षक तकनीक में प्रशिक्षित हो। जिला संगठक ने बताया कि सभी जगह सीपीआर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। ताकि अधिक के अधिक लोग इसे सीख सकें। अधिकारियो एवं कर्मचारियों को सीपीआर के बारे में रेडक्रॉस के द्वारा जानकारी देकर प्रशिक्षित किया जाएगा, जिससे इमरजेंसी में लोगों को हार्ट अटैक से बचाया जा सके।

अभनपुर में मेधा पालक-बालक सम्मेलन एवं सम्मान समारोह हुआ आयोजित

सरोना। शिक्षा, संवाद और संस्कार के संगम का साक्षी बना शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अभनपुर, जहाँ मेधा पालक-बालक सम्मेलन एवं मेधा सम्मान समारोह का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों की त्रैमासिक परीक्षा के परिणाम की घोषणा की और कक्षा 10वीं एवं 12वीं की मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक रीति से दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया तथा

मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समूचा वातावरण उल्लासमय बना दिया आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष टेकेश्वर सिन्हा ने कहा कि पालक-बालक सम्मेलन केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि यह एक सशक्त संवाद है जहाँ शिक्षा और संस्कार एक साथ पल्लवित होते हैं। यह मंच विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के बीच गहरा संबंध स्थापित करता है तथा विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की दिशा तय करता है। विद्यालय की सफलता में अभिभावकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। बच्चों की प्रगति तभी संभव है जब घर और विद्यालय दोनों का सहयोग एक दिशा में हो। इस अवसर पर त्रैमासिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को जनपद पंचायत नरहरपुर के सदस्य भाऊराम भास्कर द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। छात्राओं की मेहनत और समर्पण को देखकर उपस्थित अभिभावकों ने प्रसन्नता व्यक्त की।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि अभनपुर सरपंच मालती नेताम, जनपद सदस्य भाऊराम भास्कर, उपसरपंच बुद्धेश नेताम, जीयस नेताम, प्राचार्या आरपी नेताम, गंगा देवी भास्कर, खिलेश्वरी सिन्हा, चंद्रिका सिन्हा, कांतेश्वरी नेताम, श्यामा नेताम, धनसिंग नेताम, गनपत टेकाम, निर्मल एवं रोशन नेताम, शिक्षक मानिकपुरी, नूरुसिया, शिक्षक संपत्त नेताम उपस्थित रहे।

मौसमी बीमारी से पीड़ित मरीजों से अस्पताल में लग रही कतार

जगदलपुर। बस्तर में सरकारी अस्पतालों में वायरल, सर्दी, खांसी के मरीज बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। महारानी अस्पताल में सुबह से लम्बी-लम्बी कतार लग रही है। डॉक्टरों ने कहा कि मौसम में होने वाली इन बीमारियों के बारे में पहले से जानकारी रखें और बचाव करें तो 80 प्रतिशत तक इन रोगों से बचा जा सकता है। मौसम में शरीर में विभिन्न प्रकार की एलर्जी का भी खतरा बना रहता है। साथ ही सूखी खांसी, पेट जलना, सिर दर्द, भूख की कमी आदि, रोगी को पीने का पानी उबाल कर ही देना चाहिए। शासकीय जिला महारानी अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. संजय प्रसाद ने बताया कि मौसमी बीमारियों के चलते अस्पताल में रोजाना 800 से अधिक मरीजों की जांच ओपीडी में हो रही है।

स्व सहायता समूहों से जुड़कर ब्लाक की दीदियां को हो रहा अर्थिक लाभ : नेताम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत बिहान कार्यक्रम अंतर्गत गठित महिला स्व-सहायता समूहों का दो दिवसीय वार्षिक आमसभा महिला अधिवेशन आयोजित किया गया, जिसमें कांकेर विधानसभा क्षेत्र के विधायक आशाराम नेताम ने शामिल होकर समूह की महिलाओं को प्रोत्साहित एवं प्रेरित किया। विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि कांकेर विकासखण्ड की महिलाएं

महिला समूहों के वार्षिक अधिवेशन में शामिल होकर किया प्रोत्साहित

विभिन्न स्व-सहायता समूहों से जुड़कर एक ओर अपनी निश्चित आय अर्जित कर रही हैं, वहीं दूसरी ओर आत्मनिर्भरता के शिखर की ओर लगातार बढ़ रही हैं। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय महिलाओं को आर्थिक एवं सामाजिक रूप से संबल और सुदृढ़ बनाने विभिन्न योजनाएं संचालित कर हर संभव सहायता कर रहे हैं। इस दौरान विधायक ने सभी महिलाओं को अपनी शुभकामनाएं दीं। उक्त अधिवेशन में चार कलस्टर संगठन के 94 ग्राम संगठन पदाधिकारी, पीआरपी तथा सभी कैडर उपस्थित थे। इस दौरान समूह की महिलाओं के द्वारा विभिन्न गतिविधियों खेल, नाटक, सफलता की कहानी, गीत आदि के माध्यम से समूह से जुड़ने से लेकर अब तक के सफलतापूर्वक सफर के बारे में बारी-बारी से जानकारी दी। साथ ही स्थायी आजीविका, स्वरोजगार, स्थानीय उत्पाद को बढ़ावा देना तथा स्थानीय बाजार से विक्रय कर आय अर्जित करने सहित नशा मुक्ति अभियान, वित्तीय साक्षरता, लखपति दीदी एवं कौशल विकास के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कार्यकम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित जनपद पंचायत कांकेर की अध्यक्ष पूर्णिमा कावड़े, उपाध्यक्ष तारूणी ठाकुर आदि ने भी महिलाओं को अपने सारगर्भित उद्बोधन से प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया। उल्लेखनीय है कि उक्त दो दिवसीय अधिवेशन के पहले दिन दो कलस्टर आदर्श महिला कलस्टर संगठन गढ़पिछवाड़ी (सिंगारभाट), कंचन महिला कलस्टर संगठन बारदेवरी और आज दूसरे दिनमहानदी महिला कलस्टर संगठन माकडीखूना एवं जागरूक महिला कलस्टर संगठन धनेलीकन्हार की महिलाएं इसमें सम्मिलित हुईं। अधिवेशन में जनपद पंचायत कांकेर के सीइओ अश्वनी यादव, विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच, पंच सहित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में समूह की महिलाएं उपस्थित थीं।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चेहरे की वर्बी घटायें

चेहरे की झुर्रियां व वर्बी का वेजर द्वारा ईलाज
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कांस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371